# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026


## Google ने 10 साल मे पंहली बार किया अपने Logo के डिजाइन मे बंदलाव, आखिर क्या है वजह।


Publisher


Published on 14 May 2025




### गूगल ने अपने 'G' लोगो को 10 साल बाद नया लुक देकर AI और मॉडर्न टेक्नोलॉजी की ओर अपने बढ़ते फोकस का संकेत दिया है.

दुनिया की दिग्गज टेक कंपनी Google ने अपने पहचान वाले 'G' लोगो को एक दशक के बाद नया रूप दिया है. अगर आप गूगल के लंबे समय से यूजर हैं तो आपने जरूर गौर किया होगा कि अब उसका लोगो पहले से थोड़ा अलग दिख रहा है. यह बदलाव फिलहाल बीटा वर्जन में दिखाई दे रहा है, लेकिन जल्द ही बाकी डिवाइसेज़ पर भी इसका अपडेट आ सकता है.

कैसा दिखता है नया G लोगो ?
नए लोगो में गूगल ने वही चार पारंपरिक रंग नीला, लाल, हरा और पीला को बरकरार रखा है, जो उसके ब्रांड की पहचान हैं. लेकिन इस बार डिजाइन में एक नया ट्विस्ट है. पहले जहां G लोगो में ये रंग एक ब्लॉक स्टाइल में दिखते थे, अब वही रंग ग्रेडिएंट यानी हल्के से गहरे शेड में नजर आ रहे हैं. इससे लोगो को एक डाइनैमिक और मॉडर्न फील मिलती है.

क्या है बदलाव की वजह ?
हालांकि गूगल ने अब तक ऑफिशियली यह नहीं बताया है कि लोगो में यह बदलाव क्यों किया गया, लेकिन एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह कंपनी की बदलती तकनीकी दिशा की तरफ एक इशारा है. खास तौर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की दिशा में गूगल की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए यह माना जा रहा है कि नया लोगो इस बदलाव की एक झलक हो सकता है.

कहां दिख रहा है नया लोगो ?

नया G लोगो सबसे पहले Apple डिवाइस पर गूगल सर्च ऐप के जरिए दिखना शुरू हुआ है. वहीं Android के बीटा वर्जन 16.8 पर भी कुछ यूजर्स ने इस नए लोगो को स्पॉट किया है. हालांकि, अभी तक Gmail, Google Maps जैसी गूगल की बाकी सेवाओं में यह लोगो नहीं देखा गया है. साथ ही, ज्यादातर नॉन-पिक्सल डिवाइसेज़ और वेब यूज़र्स को अभी भी पुराना लोगो ही दिखाई दे रहा है.

## Google I/O 2025 से पहले बड़ा इशारा ?

गूगल का यह नया अपडेट ऐसे समय पर सामने आया है जब कंपनी का सालाना टेक इवेंट Google I/O 2025 बस कुछ ही दिनों दूर है. ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि इस इवेंट में गूगल नए लोगो की वजह और इसके पीछे की सोच को लेकर कोई बड़ी घोषणा कर सकती है.

## आखिर क्यों है यह बदलाव खास ?

लोगो सिर्फ एक डिजाइन नहीं होता, बल्कि वो किसी भी कंपनी की सोच, भविष्य और टेक्नोलॉजी के प्रति नजरिए को दिखाता है. गूगल का यह नया लोगो भी इसी बदलाव का संकेत देता है कि कंपनी अब अपने पुराने लुक से आगे बढ़कर एक ज्यादा स्मार्ट, फ्यूचरिस्टिक और AI-फोक्स्ड ब्रांडिंग की तरफ बढ़ रही है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.